हरिभूमि

# शौर्य भूमि

5

जबलपुर, बुधवार 28 जनवरी 2026

login : www.haribhoomi.com

मंडला | अंजनिया | भुआबिछिया | बम्हनीबंजर | नैनपुर | निवास | बीजाडांडी

## खबर संक्षेप

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया ने मनाया 77 वा गणतंत्र दिवस



**भुआबिछिया।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय बिछिया में प्रतिवर्ष अनुसारइस वर्ष भी 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी ने झंडा फहराया एवं स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी परिवार के सदस्य जोश सिंह ठाकुर शिवानंद गोस्वामी दादू लाल जंघेला का साल श्रीफल से सम्मानित किया। इस अवसर पर कांग्रेस संगठन के समस्त पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल रहे।

### आवंटित स्थल पर पेंशनर समाज ने किया ध्वजा रोहण



**भुआबिछिया।** पेंशनर समाज भुआ बिछिया द्वारा गणतंत्र दिवस 2026 बड़े धूमधाम एवं हर्षोल्लास से नवीन स्थल में मनाया गया. प्रातः 09 बजे अध्यक्ष आजाद चौबे, पूर्व अध्यक्ष एम. एल. उइके, गर्जन सिंह मरावी, विनोद चौबे द्वारा ध्वजा रोहण किया गया. पश्चात राष्ट्र गान एवं झंडा सलामी दी गई. कार्यक्रम में श्रीमती लक्ष्मी कार्तिकेय, गर्जन सिंह मरावी, बी. एल. मार्को द्वारा राष्ट्र गीत गये गये. उदय सिंह उइके, अशोक ज्योतिषी नें अपने विचार ब्यक्त किए. कार्यक्रम में बी. एल. उइके कोषाध्यक्ष, एमएल. सोनी सचिव तथा सेकड़ो की संख्या में पेंशनर सम्मलित हुए।

### 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**मण्डला।** प्रथम साहू पिता घसीटा उर्फ घनश्याम साहू निवासी ग्राम गज्जूदेवरी, तहसील निवास की 2 जून 2025 को सर्प के काटने से मृत्यु हो जाने के कारण निकटतम वारसान को 4 लाख रूपए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व निवास के द्वारा मृतक के निकटतम वारसान पिता घसीटा उर्फ घनश्याम साहू के खाते में आर्थिक सहायता की राशि प्रदाय की गई है।

## पुलिस लाईन मैदान में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

# प्रभारी मंत्री ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

*** शानदार हुये सांस्कृतिक कार्यक्रम।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

26 जनवरी गणतंत्र दिवस का पर्व जिला मुख्यालय पुलिस लाईन मैदान मंडला में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कुटीर एवं ग्रामोद्योग (स्वतंत्र प्रभार) राज्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवाल ने गणतंत्र दिवस के समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर (झंडा वंदन) किया और राष्ट्रगान गाया। उन्होंने परेड निरीक्षण कर मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन किया। उन्होंने हर्षफायर, मार्चपास्ट एवं परेड की सलामी ली। इस अवसर पर पुलिस बैंड द्वारा जन-गण-मन की धुन प्रस्तुत की गई और मध्यप्रदेश गान हुआ। इस दौरान



प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल ने सफेद, केसरिया एवं हरे रंगों के गुब्बारे आकाश में छोड़े। समारोह में शामिल सभी दलों ने हर्ष फायर के पश्चात अपने सधे कदमों से शानदार मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया। मंच के सामने से गुजरते हुए इन दलों ने राष्ट्रभक्ति, एकता और अनुशासन का संदेश दिया। प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवाल को सभी दलों के कमांडरों ने अपना परिचय दिया।

गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, जिला पुलिस बल, विशेष सशस्त्र सुरक्षा बल, होमगार्ड, एनसीसी, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, पुलिस बैंड मंडला, सीनियर एनसीसी रानी अवंती बाई, स्काऊट मॉन्टफोर्ट स्कूल, रेडक्रॉस सोसायटी, स्काऊट ज्ञानदीप स्कूल, नगर रक्षा समिति के द्वारा परेड की गई। मॉन्टफोर्ट विद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा बैंड पर सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा गीत गाया गया।



### देशभक्ति और लोकगीत पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

गणतंत्र दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति और लोकगीत पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्र-छात्राओं के कार्यक्रमों ने उपस्थित जन समुदाय का मनमोह लिया। तालियों की आवाज से पूरा पुलिस लाईन मैदान झूम उठा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान से सम्मानित किया गया। जिसमें रानी अवंती बाई स्कूल को प्रथम, ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम स्कूल और शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय को द्वितीय तथा भारतज्योति विद्यालय को तृतीय और एकीकृत हाईस्कूल वरिष्ठ मूलशाला मंडला को चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ।

गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में प्रस्तुत परेडों में जिला पुलिस बल मंडला को प्रथम, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल को द्वितीय और विशेष सशस्त्र बल मंडला को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार से अनआर्म्ड प्लाटून के तहत सीनियर डिविजन आरडी कॉलेज मंडला को प्रथम, पुलिस बैंड मंडला को द्वितीय और वन विभाग को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। एनसीसी एवं स्काऊट गाईड में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रानी अवंती बाई को प्रथम, महाराजपुर क्रमांक-2, मोंटफोर्ट को द्वितीय तथा जूनियर डिविजन एक्सीलेंस स्कूल मंडला को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। अन्य प्लाटून में सौर्य दल प्रथम, रेडक्रॉस द्वितीय और नगर रक्षा समिति को तृतीय स्थान मिला। प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवाल ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी और कर्मचारी को प्रमाण पत्र वितरित किए।

26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह में जिले के लोकतंत्र सेनानियों को प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल द्वारा शॉल, श्रीफल एवं मिठाई देकर सम्मानित किया गया।

## नर्मदा जयंती पर मण्डला में निर्झरणी महोत्सव का भव्य आयोजन



*** माहिष्मती घाट पर भजन संध्या में कलाकारों ने बांधा समां।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

नर्मदा जयंती के पावन अवसर पर संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा मण्डला के ऐतिहासिक माहिष्मती घाट पर निर्झरणी महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक आयोजन में आस्था, संगीत और परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला। महोत्सव के अंतर्गत आयोजित भजन संध्या में रीवा जिले की प्रसिद्ध कलाकार मुकुल सोनी एवं उनकी टीम तथा लीला नाट्य प्रस्तुति सिवनी के आशीष पटेल एवं उनकी टीम ने अपनी मनमोहक संगीतमय प्रस्तुति से श्रद्धालुओं और दर्शकों को भावविभोर कर दिया। उन्होंने सभी का मंगल सभी का जस, जिस भजन में राम का नाम ना हो जैसे भजन गाकर अपनी प्रस्तुतियां दी।

निर्झरणी महोत्सव के इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके, कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा एवं नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष अखिलेश कछवाहा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

मंत्री श्रीमती उईके, प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल, सांसद श्री कुलस्ते एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्री कुशराम ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

निर्झरणी महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं नागरिक उपस्थित रहे। सफल आयोजन के लिए संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन की सराहना की गई। इस दौरान कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, सीईओ जिला पंचायत शाश्वत सिंह मीना, एसडीएम मण्डला श्रीमती सोनल सिडाम सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी व स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

**आम सूचना**

मेरे पक्षकार ने श्री कपिल अग्रवाल (विक्रेता) से मण्डला जिले की घुघरी तहसील के मोहगांव ग्राम में पटवारी हल्का नं. 20 में खसरा नम्बर 187/1/1 में से रकबा 0.022 संपत्ति खरीदी है। यह संपत्ति विक्रेता की पैतृक संपत्ति है और विक्रेता ने अपने कानूनी वारिसों के बीच उचित बंटवारा किए बिना मुझे बेच दी है। मैं अपने व्यवसाय को बढ़ाने के उद्देश्य से ऋण लेने के लिए अपनी संपत्ति को एयू बैंक के पास गिरवी रख रहा हूँ। विक्रेता ने संपत्ति बेचने से पहले अपने कानूनी वारिसों की सहमति नहीं ली थी। इस सूचना के माध्यम से मैं सभी सार्वजनिक और निजी व्यक्तियों को सूचित कर रहा हूँ कि जिस किसी को भी यदि कोई समस्या हो तो कृपया मुझे 7 दिनों के अंदर सूचित करें। 7 दिनों के बाद आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

प्रीति पटेल,
अधिवक्ता
मो.नं.- 7987819780

# जिलेभर में प्रारंभ हुआ व्यापक हेलमेट चेकिंग अभियान

*** पुलिस कप्तान स्वयं उतरे मैदान में।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक मंडला श्री रजत सकलेचा के मार्गदर्शन में मंडला पुलिस द्वारा निरंतर जनवरी माह में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अभियान के अंतर्गत सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने एवं हेलमेट जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। एसपी श्री सकलेचा द्वारा जिला मुख्यालय थाना कोतवाली क्षेत्र में हेलमेट चेकिंग अभियान का नेतृत्व किया गया। मंडला जिले के समस्त थाना एवं चौकी क्षेत्रों में भी व्यापक हेलमेट चेकिंग



अभियान प्रारंभ किया गया है।

मंडला पुलिस द्वारा जनवरी माह में जिलेभर में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया, जिसका उद्देश्य नागरिकों को स्वेच्छा से हेलमेट पहनने एवं यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना था। गरीब एवं आर्थिक रूप से असमर्थ वर्ग के लिए विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं, ताकि वे हेलमेट क्रय कर सकें तथा व्यवसायिक सहयोग से हेलमेट की उपलब्धता को भी आसान बनाया गया। मंडला पुलिस द्वारा 26 जनवरी 2026 के बाद बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी तथा 27 जनवरी से विभिन्न थाना क्षेत्रों में प्रतिदिन लगभग एक हजार वाहनों की जांच के लक्ष्य के साथ चेकिंग अभियान प्रारंभ किया गया है।

जागरूकता अभियान के परिणामस्वरूप अनेक व्यक्तियों ने हेलमेट पहनना प्रारंभ कर दिया है। जिले में विभिन्न थाना चौकी क्षेत्रों में मंडला पुलिस द्वारा 920 से अधिक वाहनों को रोका गया, लोगों ने मौके पर ही हेलमेट खरीदकर या घर से मंगाकर पहनना शुरू किया। इसके साथ ही दुकानदारों को अच्छी गुणवत्ता के आईएसआई मार्क के हेलमेट बेचने के निर्देश दिए गए हैं। पूर्व में बाइक एजेंसी से मीटिंग कर बाइक के साथ हेलमेट आवश्यक रूप से देने के लिए निर्देशित किया गया है।

आमतौर लोग यह सोचकर हेलमेट नहीं पहनते कि वे पास की दूरी तय कर रहे हैं, जबकि नियमों के अनुसार घर से बाहर निकलते ही हेलमेट पहनना अनिवार्य है। दुर्घटना कभी भी और कहीं भी हो सकती है, जिससे सिर में गंभीर चोट या मृत्यु तक का खतरा रहता है। यद्यपि जनजागरूकता में सुधार हुआ है, फिर भी कुछ लोग अभी नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। सख्त चेकिंग एवं चालानी कार्रवाई से हेलमेट पहनने की प्रवृत्ति और अधिक बढ़ेगी। सार्वजनिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए हेलमेट पहनना अनिवार्य है तथा गरीब वर्ग के लिए इसकी उपलब्धता सुनिश्चित की गई है ताकि कोई भी व्यक्ति आर्थिक कारणों से नियम उल्लंघन न करें।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
दिलीप अहिरवार
बी. एम. ओ.
एवं समस्त स्टाफ
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मवई

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
अकांत चौरसिया (प्रबंधक)
नितेन्द्र तेकाम (प्रशासक)
जिला उपभोक्ता भण्डार मर्यादित मण्डला

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
अनिल परते (सरपंच)
पतिराम विश्वकर्मा (सचिव)
धीरज धनंजय (रोजगार सहायक)
एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत हर्राटिकुर ज. पं मोहगांव, मण्डला

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
प्रफुल्ल चौरसिया (प्रबंधक)
नितेन्द्र तेकाम (प्रशासक)
वी. पेक्स सहकारी समिति हिरदेनगर, मण्डला

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
कैलाश धुर्वे
कार्यवाहक सरपंच
श्रीमति दीपिका टांडिया उपसरपंच
भद्दे लाल टेकाम सचिव
ग्राम पंचायत मवई

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
देवेन्द्र कुमार परते सरपंच
बाल कृष्णा यादव सचिव
ग्राम पंचायत पटपरा रैयत

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
तीरथ प्रसाद सोनी प्राचार्य
शिव प्रकाश प्रजापति कार्यवाहक प्राचार्य
भानू मरावी, श्रीमति तृप्ति मिश्रा, श्रीमति गवले मैडम, अनिल कुमार सिसोदिया, श्रीमति उमा गोलिया, श्रीमति निधि बरमैया, महेन्द्र उइके, घनश्याम चौरसिया, जय प्रकाश झारिया, मुक्ति चौरसिया एवं समस्त स्टाफ
शा. एकीकृत हाईस्कूल पटपरा रैयत

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
श्रीमति सरोज धुर्वे
अधीक्षिका
कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास मवई

## खबर संक्षेप

### राजस्व विभाग के अमले द्वारा ग्राम बरेली आबादी में रास्ता के लिये किया चिन्हांकन



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** अक्सर देखा जाता है कि लोग अपने स्वार्थो को ध्यान में रखते हुये इस तरह से निर्माण कर लेते है कि लोगों के लिये आने जाने के मार्ग ही बंद हो जाता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई समीपस्थ ग्राम बरेली में भी देखने मिल रही थी। इस के चलते जिला कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में गाडरवारा तहसील के ग्राम बरेली आबादी में रास्ता का चिन्हांकन करवाया गया। इस दौरान मौके पर तहसीलदार गाडरवारा, हल्का पटवारी और राजस्व विभाग का अमला मौजूद था। उल्लेखनीय है कि जनसुनवाई में ग्राम बरेली सरपंच द्वारा कलेक्टर को आवेदन देकर रास्ता चिन्हांकन संबंधी समस्या बताई थी, इसी के चलते कलेक्टर के निर्देश पर रास्ता का चिन्हांकन करवाया गया।

### कल्याणपुर में स्कूल शिक्षा मंत्री का हुआ भव्य स्वागत



**हरिभूमि न्यूज/ कल्याणपुर।** शुक्रवार को ग्राम रायपुर जाते समय प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह का मार्ग में पड़ने वाले ग्राम कल्याणपुर के वरिष्ठ नागरिक अशोक कोचर एवं अशोक शुक्ला ने स्वागत किया। इस दौरान क्षेत्र के अतिथि शिक्षकों ने मंत्री सिंह से नियमितीकरण की मांग की एवं हरियाणा राज्य की तर्ज पर नीति बनाने की बात रखी। इस मांग पर मंत्री सिंह द्वारा कहा गया की समस्त अतिथि शिक्षक हमारे अपने हैं। उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने आगामी माह में सेवानिवृत होने वाले शिक्षक धन सिंह कौरव को अग्रिम शुभकामनायें दी। इस अवसर पर प्राचार्य ओम प्रकाश कौरव, राम किशोर कौरव, शैलजा ताम्रकार, नेहा शर्मा, नीरज कौरव, रामकुमार कौरव, महेंद्र सराठे ,सुरेंद्र चौधरी, मोनिका शर्मा, राजकुमारी मेहरा आदि उपस्थित रहे।

### सरस्वती जयंती के अवसर पर पनारी में संपन्न हुआ 11 कुण्डीय गायत्री यज्ञ

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** शुक्रवार को माँ सरस्वती जी की जयंती जहां संपूर्ण क्षेत्र में बडे ही धूमधाम के साथ मनाई गई। वही बताया जाता है कि बसंत पंचमी के पावन अवसर पर एस एम सी हायर सेकंडरी स्कूल पनारी में 11 कुण्डीय गायत्री यज्ञ संपन्न हुआ। मां सरस्वती प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित यह यज्ञ सात पालीयों में संपन्न हुआ। जिसमें विद्यालय के लगभग एक हजार छात्र-छात्राओं के अलावा पचास से अधिक स्टाफ के कर्मचारियों ने आहुतियां प्रदान करते हुये पुण्य लाभ अर्जित किया। यज्ञ का संचालन गायत्री परिवार गाडरवारा के मुख्य ट्रस्टी सेवानिवृत्त डिप्टी मैनेजर एन टी पी सी आर पी सिंह, तह समंवयक राजेश कुमार कौरव, राजकुमारी कौरव व दिव्या कौरव की टीम द्वारा सफलता पूर्वक किया गया। मां सरस्वती गायत्री माता लिए विशेष आहुतियों के साथ गायत्री परिवार के संस्थापक परम वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा की जन्मशताब्दी,परम पूज्य गुरुदेव पंडित राम शर्मा आचार्य के आध्यात्मिक जन्मशताब्दी, अखंड ज्योति प्रज्वलित की शताब्दी दिवस को स्मरण करते आहुतियां प्रदान की गई। इस मौके पर सभी के उत्तम स्वास्थ्य, निरोगी जीवन, रोग-शोक से मुक्ति हेतु महामृत्युंजय मंत्र से प्रत्येक पाली में आहुतियां दी गई। चिंतन, चरित्र, व्यवहार पर उद्बोधन के साथ परीक्षा में सफलता हेतु,मन को एकाग्र करने, बुद्धि विवेक को तेजस्वी बनाने गायत्री मंत्र का जप व मंत्र लेखन का महत्व प्रतिपादित किया गया। विद्यालय परिसर में गुंजित जयकारो ध्वनि से प्रभावित अनेक स्नानीय अविभावक तथा क्षेत्रीय जन सामान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

# गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहर में देखने मिला देश भक्ति का संचार, नपा अध्यक्ष मिश्रा ने शान से ध्वजारोहण करते हुये तिरंगे को दी सलामी, मुख्य समारोह में शिक्षण संस्थाओं के छात्र, छात्राओं ने सांस्कृतिक में दी अनेक प्रकार की प्रस्तुति









**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

नगर की वर्षो की परम्परा रही है कि गणतंत्र दिवस का मुख्य कार्यक्रम नगर के पुराने कालेज खेल मैदान पर आयोजित होता रहा है और नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा यहां पर ध्वजा रोहण करते हुये शान के साथ तिरंगे को सलामी दी जाती है। इसी के चलते बीते हुये सोमवार को गणतंत्र दिवस के मौके पर जहां इस मैदान पर नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा द्वारा गणतंत्र दिवस की 77 वर्षगांठ पर अनुविभागीय अधिकारी कलावति व्यारे व उप पुलिस अधीक्षक दिलीप डागुर की मौजदूगी में नगर के पुराने कालेज खेल मैदान पर ध्वजा रोहण करते हुये सलामी दी गई। इस प्रकार सोमवार को राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र के चलते सुबह शहरवासियों को नई उमंग से ओत प्रोत करने वाली देखने मिली। क्योंकि इस दिवस जहां संपूर्ण नगर में देश भक्ति में मग्न दिखाई दे रहा था तो शिक्षण संस्थाओं सहित शासकीय कार्यालयों में ध्वजा रोहण होते हुये दिखाई देने से लोग देशभक्ति गीतों के बीच झूमते हुये नजर आने से नही चूक रहे थें। इस अवसर पर स्थानीय न्यायालय परिसर, उप पुलिस अधीक्षक कार्यालय में डीएसपी दिलीप डागुर तो पुलिस थाना में नगर निरीक्षक विक्रम रजक सहित सिंचाई विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में, इन विभागों में अधिकारियों ने झंडा फहराया और नगर के न्यू ऐज पब्लिक स्कूल, दक्ष इंटर नेशनल स्कूल, नूपुर कान्वेन्ट स्कूल सहित अन्य स्कूलों में ध्वजा रोहण के बाद अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी प्रकार से नपा.कार्यालय में अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा द्वारा ध्वजा रोहण करते करने के बाद गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह परम्परा के अनुसार पुराने कालेज ग्राउंड पर आयोजित हुआ, जिसमें उत्साह के माहौल में नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा व अनुविभागीय अधिकारी व उप पुलिस अधीक्षक सहित नपा उपाध्यक्ष श्रीमति वैशाली सहित पार्षदगणों की उपस्थिति में ध्वाजा रोहण किया और राष्ट्रगीत गायन संपन्न हुआ। वही कार्यक्रम में पधारे अतिथियों की मौजूदगी में शहर के अनेक स्कूलों से आऐ हुए स्कूली बच्चों से मार्च पास्ट की सलामी ली तथा नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदेश के मुख्य मंत्री द्वारा दिये गये संदेश का वाचन किया गया। वही कार्यक्रम में शहर के अनेक स्कूलों सेआये हुये छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते हुये सभी का मन मोह लिया गया था। वही कार्यक्रम के अंत में उक्त समारोह में शामिल होकर नगर की अनेक शिक्षण संस्थाओं के छात्र छात्राओं ने कार्यक्रमों का बेहतर प्रदर्शन किया जिसके चलते शालाओं के छात्र, छात्राओं को पुरूस्कार वितरित किए गए। इस तरह सार्वजनिक रूप से आयोजित हुये इस कार्यक्रम प्रस्तुति प्रदान करने के चलते सभी स्कूलों को निर्धारित की गई टीमों द्वारा अक प्रदान करते हुये उन्हें पुरूस्कार प्रदान किये गये। इसमें मार्च फास्ट में माध्यमिक स्तर पर शासकीय आदर्श स्कूल को प्रथम पुरूस्कार मिला। वही हायर सेकेण्डरी स्तर पर प्रथम स्थान पर के एन व्ही स्कूल तो दूसरे स्थान पर बीटीआई स्कूल तथा प्रथम स्थान पर क्रयान इन्टर नेशनल स्कूल को पुरूस्कार प्रदान किया गया। इस प्रकार से व्यायम प्रदर्शन के चलते प्राथमिक स्तर पर प्रथम स्थान पर क्रयान स्कूल, द्वितीय स्थान पर दक्ष इंटरनेशनल स्कूल व तीसरे स्थान पर शिवाजी विद्या निकेतन स्कूल रहा। वही माध्यमिक स्तर पर पहले स्थान पर शासकीय किसानी माध्यमिक स्कूल, दूसरे स्थान पर क्राईस चर्च स्कूल तथा तीसरे स्थान पर क्रयान स्कूल रहा। वही हायर सेकेण्डरी स्तर पर शासकीय कन्या शाला रहा। वही सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्राथमिक स्तर पर प्रथम स्थान पर डायमंड पब्लिक स्कूल, दूसरे स्थान पर वन स्टेप व तीसरे स्थान पर शिवाजी विद्या निकेतन स्कूल रहा। माध्यमिक स्तर पर पहले स्थान पर दक्ष इंटर नेशनल स्कूल, दूसरे स्थान पर पी एम श्री कन्या नवीन तथा तीसरे स्थान पर सन साईन स्कूल को पुरूस्कार मिला। वही हायर सेकेण्डरी स्तर पर प्रथम स्थान पर शासकीय आदर्श स्कूल व द्वितीय स्थान पर क्राईस चर्च तथा तीसरे स्थान पर शासकीय कन्या नवीन स्कूल रहा। इस तरह इन शिक्षण संस्थाओं के छात्र छात्राओं को पुरूस्कार प्रदान करते हुए अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। वही दूसरी ओर नम्बर माह में आयोजित हुई राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के दौरान जिन अधिकारियों व कर्मचारियों को सौपे गये दायित्वों का सफलता पूर्वक निर्वाहन किया गया था उनको भी इस मौके पर सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा तथा अनुविभागीय अधिकारी द्वारा उन लोक सेवकों को भी प्रस्सति पत्र देते हुये सम्मानित किया गया जिन्होंने अपने दायित्वों का निर्वाहन करते हुये उल्लेखनीय कार्य किया।



## रायपुर में स्कूल शिक्षा मंत्री विकास कार्यो का भूमि पूजन करने के साथ वितरित की गई साईकिलें



**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** शुक्रवार को जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाले ग्राम रायपुर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष निर्माण भूमिपूजन एवं निःशुल्क सायकिल वितरण कार्यक्रम में प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदयप्रताप सिंह शामिल हुए। बताया जाता है कि इस दौरान उन्होंने बसंत पंचमी के अवसर पर माँ वीणावादिनी एवं भारत माता का पूजन करते हुये अतिरिक्त कक्ष निर्माण का भूमिपूजन किया गया। वही शासन की योजना के तहत संस्था में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को निःशुल्क सायकिल वितरण कर संवाद करते हुये उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार छात्र छात्राओं की बेहतरी के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा उद्देश्य है कि छात्र छात्राएं बेहतर पढ़ाई करते हुए जीवन में आगे बढ़े एवं आत्मनिर्भर बने। उक्त अवसर पर पूर्व विधायक श्रीमती साधना स्थापक , वरिष्ठ नेता मुकेश मरैया, मिनेंद्र डागा, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा मोहरकांत पटेल, जिलाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा अशोक मर्सकोले, वरिष्ठ नेता संदीप पेगवार,भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेश कौरव, पूर्व मंडल अध्यक्ष नीरज पेगवार सहित पार्टी पदाधिकारी/ग्रामीण जन सहित अनुविभागीय अधिकारी गाडरवारा श्रीमति कलावति व्यारे, जिला शिक्षा अधिकारी व शालेय स्टाफ व बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## त्वदीय पाद पंकजम नमामि देवी नर्मदे..... से गूंजा संपूर्ण क्षेत्र, माँ नर्मदा प्रकटोत्सव के मौके पर शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी धूमधाम के साथ निकाली गई चुनरी यात्राएं









**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** जन जन की आराध्य, बंदनीय, करूणा की साक्षात प्रति मूर्ति माँ नर्मदा जी की जयंती के पावन अवसर पर जहां संपूर्ण क्षेत्र त्वदीप पाद पंकजम नमामि देवी नर्मदे ...... से गूंजते हुये देखा गया। वही दूसरी ओर गाडरवारा से लेकर सालीचौका, सांईखेड़ा, कौड़िया, खुलरी, चीचली सहित गांव गांव माँ नर्मदा जी की जयंती के मौके पर चुनरी यात्राएं निकलाते हुये नर्मदा जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई। काफी लम्बे अंतराल के बाद रविवार के दिवस नर्मदा जयंती पड़ने के मौके पर जहां सुबह से ही समूचे अंचल में माँ रेवा मैय्या के भक्तों ने अपने घरों में माँ नर्मदा की पूजन कर त्वदीय पाद पंकजम, नमामि देवी नर्मदे और हर हर नर्मदे के स्वरों से क्षेत्र को गुंजायमान करने की शुरूआत कर माँ नर्मदा के प्रति अपनी अगाध श्रद्वा व्यक्त करने की भावना को प्रकट करना शुरू कर दिया गया था। इस तरह माँ नर्मदाजी की जयंती के चलते संपूर्ण क्षेत्र पूरी तरह धर्ममय होते हुये दिखाई पड़ रहा था। वही क्षेत्र के माँ नर्मदा जी के पावन घाटो पर नर्मदा जयंती के अवसर पर रेवा मैया की जयकार करते हुए शहर व क्षेत्र के पुरूष, महिलाएं, युवा अपने वाहनों से जहां नर्मदा घाटों पर पहुंचे, वही अनेक नर्मदा के भक्त पैदल चलते हुए माँ नर्मदा की पूजन करने के लिए भी पहुंचे। जहां उन्होंने पुण्य सलिला माँ नर्मदा में स्नान करते हुए पूजन, अर्चना किया गया तथा अनेक प्रकार के दान पुण्य कर नर्मदा जी का आशीष प्राप्त किया गया। वही माँ नर्मदा जी के घाटों पर बने मंदिरों में भगवान की पूजा, आराधना की गई तथा अनेक जगहों पर विशाल भंडारों का आयोजन दिन भर चलता रहा। वही पाप नाशिनी माँ नर्मदा जी की जयंती को लेकर नगर के नर्मदा भक्तों द्वारा जगह जगह चुनरी यात्रा निकाली गई थी जो नर्मदा जयंती के मौके पर माँ नर्मदा के ककराघाट, झिकोली घाट, बिल्थारी घाट सहित लगभग क्षेत्र के सभी नर्मदा घाटों पर पहुंचकर चुनरी को माँ नर्मदा के लिये समर्पित किया गया। वही दूसरी ओर यहां पर दिन भर विशाल भंडारे का आयोजन भी चलता रहा जिसके हजारों की संख्या में माँ नर्मदा जी के भक्तों द्वारा प्रसादी ग्रहण करते हुये पुण्य लाभ लिया गया। इसी प्रकार से समीपस्थ सालीचौका, चीचली, कौड़िया, खुलरी, बारहाबडा, सीरेगांव, कामती सहित अनेक गांवों में भी चुनरी शोभा यात्रा बडे ही धूमधाम के साथ निकाली गई जिसमें महिलाएं भजन गाते हुए चल रही थी वही पुरूष युवा भी माँ नर्मदा मैय्या की भक्ति में लीन होकर जयघोष लगाते हुए चल रहे थें। इस तरह जहां तहां निकाली गई चुनरी शोभायात्राओं में माँ नर्मदा जी की मनोरम झांकी सजी हुई थी जिसे देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था कि शायद साक्षत में माँ नर्मदा का यहां पर अपने भक्तों को आर्शीवाद देने के लिये आगमन हुआ है। वही रविवार को नगर में सुबह 7 बजे पलोटन गंज से नर्मदा भक्तों द्वारा माँ नर्मदा जी का पूजन करते हुये निकाली गई चुनरी पैदल शोभा यात्रा में सैकडो की संख्या में लोग शामिल हुये। वही समीपस्थ सांईखेडा तथा ग्राम खुलरी में भी माँ नर्मदा के भक्तों द्वारा चुनरी यात्राएं निकालते हुये नर्मदाजी के घघरौला खुर्द घाट के तट पहुंची। इसी प्रकार से नगर सहित अन्य जगहों से निकाली गई चुनरी यात्राएं भी माँ नर्मदाजी के अलग अलग घाटों पर पहुंचने पर चुनरी माँ नर्मदा जी को अर्पित की गई। इसी प्रकार से क्षेत्र के अनेक गांवों से भी जगह जगह चुनरी यात्राएं निकाली गई यह सभी चुनरी शोभायात्रा शाम के समय समीपस्थ नर्मदा जी के ककराघाट पहुंची जहां पर माँ के भक्तों की ओर से माँ नर्मदा जी को चुनरी अर्पित की गई और पूजन अर्चन सहित शाम के वक्त दीपदान के साथ महाआरती का आयोजन किया गया। वही रात्रि के समय पर देवी गीत गायन सहित विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। इस तरह माँ नर्मदाजी के सभी तटों पर दिन भर जहां मेले जैसा दृश्य देखने मिला। वही माँ नर्मदा जी के तटों पर भंडारे के आयोजनों में हजारों की संख्या में पहुंचकर लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। इस प्रकार नर्मदाजी के तटों पर उमडी भीड को ध्यान में रखते हुये प्रशासन द्वारा संपूर्ण नर्मदा तटो पर विशेष व्यवस्थाएं बनाने के आदेश जारी किये गये थें और अलग अलग जिम्मेदार अधिकारियों की डियूटी भी लगाई थी। क्षेत्र के नर्मदा तटों पर देखा गया कि ढलती शाम संध्या के बाद श्रद्वालुओं ने माँ नर्मदा जी के घाटो पर रेवा मैया की महा आरती करते हुये जब दीपदान करना शुरू किया गया।

## महायज्ञ के अंतिम दिनों में उमड़ रहा भक्तों का जन सैलाब, जब व्यक्ति का नाता ईश्वर से जुड जाता है तो यह दुनिया झूठी लगने लगती है- विपिन बिहारी महाराज







**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

नगर के आजाद वार्ड इन्द्रा कालोनी में चल रही नौ दिवसीय 108 कुण्डीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में चल रहे मंत्रों की ध्वनि गाडरवारा सहित संपूर्ण क्षेत्र में गुंजयमान होते हुये सुनाई देने से जहां चारों ओर धर्ममय हवा बहने से नही चूक रही है। वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि ज्यो ज्यों इस महायज्ञ के समापन ही अवधि समीप आ रही है त्यों त्यों भक्तों की भीड़ उमड़ते हुये देखी जा रही है। क्योंकि नगर में आयोजित चार वेद, 18 पुराण व 108 कुण्डीय लक्ष्मी नारायण यज्ञ का क्षेत्र के लोगों को दर्शन करने का जा सौभाग्य मिला है उसके चलते हर क्षेत्रवासी इस आयोजन में शामिल होकर धर्मलाभ लेने के लिये आतुर होने से नही चूक रहा है। वही दूसरी ओर जिस तरह गौ पीठाधीश्वर संत विपिन बिहारी महाराज द्वारा भगवान की कथा का वर्णन सुनाया जा रहा है उसके चलते लोग मग्न मुग्ध होने से नही चूक रहे है। इस धर्मिक आयोजन में जहां संतों का महाकुंभी लगा है उसमें शामिल होने के लिये भीड़ का अनोखा नजारा दिखाई दे रहा है। इस दौरान कथा के दौरान महाराज ने कहा कि हम साधु अपने पास कभी पुण्य नहीं रखते हम साधु संतों का काम होता है कि एकत्र किया पुण्य अपने भक्तों में आर्शीवाद के रूप में बांट देना। क्योंकि जनमानस का भला करना ही हमारा उद्वेश्य होता है। इस दौरान संत विपिन बिहारी महाराज ने कहा कि इस दुनिया में हर व्यक्ति दुखी है। जिस दिन व्यक्ति का नाता भगवान से जुड जावेगा उस दिन यह दुनिया झूठी लगने लगेगी और सारे दुख समाप्त हो जावेगे। इस दुनियाँ में व्यक्ति सबसे अधिक चार दुखों से पीड़ित रहता है। पहला दुख संपत्ति का तो दूसरा दुख अपनों तीसरा दुख शारीरिक तथा चौथा दुख संतान का होता है। किसी के पास कम संपत्ति है तो वह प्राप्त करने के लिये दुखी देखा जाता है जिसके पास अधिक है तो उसकी सुरक्षा को लेकर दुखी है। वही जिसके पास संतान है और यदि व संस्कारवान नही है तो वह दुखी है जिसके संतान नही है तो वह उसी में दुखी है। व्यक्ति के लिये संतान का दुख सबसे कष्ट दायक साबित होता है। इस दुनियाँ में पिता की मृत्यु दो बार होती है। एक मृत्यु तो ईश्वर के अनुसार सबकी होती है। मगर दूसरी मृत्यु जब किसी की संतान के कारण यदि अपने पिता का सिर समाज में बदनाम के चलते झुकता है उस दिन पिता टूट जाता है और उसका हाल मृत्यु के समान बनने से नही चूकता है। इसलिये व्यक्ति को संतान का सही सुख तभी मिलता है जब उसकी संतान संस्कार बान होने के साथ अपने माता पिता का आदर पूर्वक सम्मान करे। क्योंकि जब किसी के घर में संतान पैदा होता है तो माता पिता उसको लेकर खुश होने के साथ उसके पालन पोषण के लिये सबकुछ न्यौछाबर करने में पीछे नही रहती है। यहां तक अपनी संतान के लिये जान जोखिम में डालने से नही चूकते है। यदि वह संतान बडी होकर जब अपने माता पिता का सबकुछ लेकर उनका अपमान करने लगे तो उस पिता के ऊपर क्या गुजरती है इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। इस दौरान महाराज ने भारत को सोने का शेर बनाने का सूत्र बताते हुये कहा कि पहले हमारा भारत सोने की चिड़िया कहलाता था। अब हमें देश को सोने की चिड़िया नहीं सोने का शेर बनाना है। क्योंकि सोने की चिड़िया तो कोई भी पिंजरे में कैद कर लेगा। लेकिन शेर को कोई कैद नहीं कर सकता। मगर हमारा देश सोने का शेर तभी बनेगा, जब भारत का हिंदू स्वामी विवेकानंद बन जाए। उन्होने एकता की सीख देते हुये कहा कि देश को सोने का शेर बनाना है तो पहले लोग जात-पात का जहर घोल रहे, उनसे बचना होगा। क्योंकि यह जातिवाद हमारे लिए सबसे बड़ा जहर है।






# गणतंत्र दिवस विशेष हैंडलूम महोत्सव

Republic Day 2026

Tradition you can feel. Quality you can trust

Republic Day 2026

# विद्या श्री साड़ीज़ एवं पार्श्व हैंडलूम




में भारतीय हथकरघा की विरासत को आधुनिक पसंद और किफायती दामों के साथ प्रस्तुत किया जा रहा है।

इस 26 जनवरी के अवसर पर पाएँ

## विशाल साड़ी कलेक्शन

सिल्क | कॉटन | बनारसी | डिज़ाइनर | डेली वेयर

## एक्सक्लूसिव हैंडलूम रेंज

दरी, चादर, कंबल, बेडशीट, स्टोल एवं अन्य आकर्षक उत्पाद

उत्तम गुणवत्ता • प्रामाणिक हैंडलूम

उचित मूल्य की गारंटी

भारतीयता का उत्सव मनाएँ

देशी पहनें, देशी अपनाएँ।

गणतंत्र दिवस पर विशेष छूट एवं आकर्षक ऑफ़र सीमित समय के लिए

हरिभूमि

पता- विद्या श्री साड़ीज़ एवं पार्श्व हैंडलूम मेन, रोड डिण्डौरी, Mob: 9109890635





## गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं



मा.ओमप्रकाश धुर्वे
विधायक-शहपुरा

Republic Day 2026



श्रीमती ज्योति प्रकाश धुर्वे
जिला पंचायत सदस्य

हरिभूमि



## गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं



Republic Day 2026

## ओमकार मरकाम
विधायक-डिण्डौरी



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
सरपंच, सचिव
Republic Day 2026
निवेदक- समस्त पंचगण ग्राम पंचायत सक्का



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
सरस्वती मरकाम सरपंच
अंकित पड़वार सचिव
कलावती श्याम-रोजगार सहायक
निवेदक- समस्त पंचगण ग्राम पंचायत मानिकपुर



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
रामेश्वरी मार्को सरपंच
गुल सिंह धुर्वे सचिव
प्रदीप मोगरे -रोजगार सहायक
निवेदक- समस्त पंचगण ग्राम पंचायत गोरखपुर



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
एस जे मेमोरियल पब्लिक स्कूल सैलवार



संचालक धर्मेंद्र कुमार धुर्वे
हेडमास्टर अशोक मरावी
उपाध्यक्ष लामु श्याम
सचिव रंजीत बंसल
कोषाध्यक्ष सुल्तान खान
संयुक्त सचिव रामकुमार धार्या



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास गोरखपुर
हॉस्टल अधीक्षिका श्रीमती लक्ष्मी कुशराम
सहा, वार्डन सरिता पट्टा
Republic Day 2026



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
श्रीमती गीता पट्टा
जनपद उपाध्यक्ष
करंजिया
Republic Day 2026
जनपद पंचायत करंजिया



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
सरपंच, सचिव
Republic Day 2026
निवेदक- समस्त पंचगण ग्राम पंचायत सक्का



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
सरपंच, सचिव
Republic Day 2026
ग्राम पंचायत-चांदपुर



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
हायर सेकेण्डरी स्कूल -सक्का
Republic Day 2026
प्राचार्य एवं समस्त स्टॉफ



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
सरपंच, सचिव
Republic Day 2026
निवेदक- समस्त पंचगण ग्राम पंचायत-भैसवाही



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
सरपंच, सचिव
Republic Day 2026
निवेदक- समस्त पंचगण ग्राम पंचायत देवरा



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
सरपंच, सचिव
Republic Day 2026
ग्राम पंचायत-खैरदा

मंत्री उदय प्रताप सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया

# जिले में हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस







**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** जिले में गणतंत्र दिवस समारोह देशभक्ति पूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामों तक जगह-जगह गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य समारोह जिला मुख्यालय पर स्टेडियम ग्राउंड पर आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। तत्पश्चात उन्होंने समृद्धि के प्रतीक रंगबिरंगे गुब्बारों को भी आकाश में छोड़ा। इस अवसर पर पुलिस बैंड द्वारा जन-गण-मन की धुन प्रस्तुत की गई और मध्यप्रदेश गान हुआ। परेड कमांडर द्वारा परेड निरीक्षण के लिए प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि मंत्री श्री सिंह ने कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा के साथ परेड का निरीक्षण किया और परेड की सलामी भी ली। परेड दल द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट मंत्री श्री सिंह ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। मुख्यमंत्री के संदेश वाचन के पश्चात परेड दलों द्वारा राष्ट्रपति जी का जयघोष एवं हर्ष फायर किया गया। समारोह में विशेष सशस्त्र बल 23 वी बटालियन बी कम्पनी, जिला पुलिस बल, जिला महिला पुलिस बल, जिला होमगार्ड बल, एनसीसी सीनियर डिवीजन एमआईएमटी कॉलेज, एनसीसी सीनियर विंग डिवीजन एमआईएमटी कॉलेज, एनसीसी सीनियर डिवीजन पी.जी. कॉलेज, एनसीसी सीनियर विंग पीजी कॉलेज, एनसीसी जूनियर डिवीजन उत्कृष्ट विद्यालय, एनसीसी जूनियर विंग उत्कृष्ट विद्यालय, एनएसएस सीनियर डिवीजन पी.जी. कॉलेज, एनएसएस जूनियर डिवीजन उत्कृष्ट विद्यालय, स्काउट गाइड पीएम श्री शासकीय एमएलबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रेडक्रॉस पीएम श्री शास. एमएलबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शौर्य दल महिला एवं बाल विकास विभाग और स्काउट गाइड उत्कृष्ट विद्यालय प्लाटून दल के सदस्यों की संयुक्त परेड द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट प्रस्तुत किया गया।

### विभागों द्वारा निकाली गई आकर्षक झांकियां

मुख्य अतिथि मंत्री उदय प्रताप सिंह ने परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, मीसाबंदियों और शहीद इंस्पेक्टर आशीष शर्मा के परिजनों को शॉल- श्रीफल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम मंध स्कूली छात्र- छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति दी। इसके पहले सियाल इंटरनेशनल स्कूल नरसिंहपुर के विद्यार्थियों ने आकर्षक बैंड का प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गणतंत्र दिवस समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा जिला व प्रदेश के विकास की थीम पर विभागीय जनकल्याणकारी योजनाओं व कार्यक्रमों पर आधारित झांकियां प्रदर्शित की गई। यातायात पुलिस, कृषि विभाग, जिला पंचायत, मप्र ग्रामीण आजीविका मिशन सहित अन्य विभागों द्वारा मनोरम झांकियों का प्रदर्शन किया गया।

### पुरस्कार वितरण

मंत्री श्री सिंह ने जिले में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय अधिकारी- कर्मचारियों को पुरस्कृत किया। गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में उत्कृष्ट परेड के लिए जिला महिला पुलिस बल को प्रथम और परेड छात्र छात्रा दल में एनसीसी सीनियर विंग डिवीजन एमआईएमटी कॉलेज और एनसीसी जूनियर विंग उत्कृष्ट विद्यालय को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। गणतंत्र दिवस पर प्रदर्शित की गई झांकियों में कृषि विभाग को प्रथम, जिला पंचायत को द्वितीय और यातायात पुलिस को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बोहारी प्रथम, केन्द्रीय विद्यालय नरसिंहपुर द्वितीय व सांदीपनी विद्यालय नरसिंहपुर को तृतीय और चांवरा विद्यालय नरसिंहपुर को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र ठाकुर, राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकतंत्र सेनानी संघ व पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे, रामसनेही पाठक, अभिलाष मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी-कर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## भाजपा कार्यालय में किया ध्वजारोहण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने 77 वे गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष इंजी. अभिलाष मिश्रा, महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज महाराज की गरिमामय उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व भाजपा के पितृ पुरुष पं.दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मूर्तियों पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उन्होंने सभी को राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 26 जनवरी 1950 को भारत ने अपने संविधान को लागू कर एक सम्प्रभु समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष एवं लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर अपनी पहचान बनाई है। संविधान से प्राप्त अधिकारों के साथ साथ कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करना प्रत्येक नागरिक व प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता का दायित्व है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सशक्त व दूरगामी नेतृत्व में आज भारत नये आत्मविश्वास के साथ निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर हो रहा है तथा वर्ष 2047 में स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूर्ण होने पर भारत विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित होगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा द्वारा दी गई। उक्त मौके पर बड़ी संख्या मे कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के मुख्य आतिथ्य में कलेक्ट्रेट नरसिंह भवन के जनसुनवाई हॉल में सोमवार 26 जनवरी को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान पर परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित हुआ। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने अधिकारियों- कर्मचारियों को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शपथ दिलाई। जिले में बाल विवाह मुक्त भारत के व्यापक प्रचार- प्रसार के लिए कलेक्टर ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के सभी पंचायतों का भ्रमण कर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का संदेश देगा। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बालिकाओं का बाल विवाह से बचाव और उनके अधिकारों की रक्षा करना हम सभी का दायित्व है। बालिकाओं के बेहतर भविष्य, शिक्षा, कैरियर चुनने का अवसर देना और उन्हें स्वयं के सपने को साकार करना समाज का दायित्व है। सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास सुश्री प्रांजली मर्सकोले और डीपीओ राधेश्याम वर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

## जनसुनवाई में आए 98 आवेदन

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में आवेदकों ने विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 98 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हो सका, उन आवेदन पत्रों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र सिंह नागेश सहित अन्य विभागीय अधिकारियों ने भी जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनी और उनकी समस्याओं का निराकरण किया।

## गणतंत्र दिवस पर हुआ गरिमामय आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस का गरिमामय आयोजन संस्था के मार्गदर्शक पं. मैथिलीशरण तिवारी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में 77 वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश की एकता एवं अखंडता को अक्षुण्य बनाये रखने हेतु युवाओं में जागरूकता रोजगार एवं नशा-रहित जीवन की महती आवश्यकता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग ने महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं शैक्षणोत्तर उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा महाविद्यालय के चेयरमैन इंजी. रुद्रेश तिवारी की ओर से भी समस्त महाविद्यालय परिवार को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। डॉ. दीपिका शर्मा विभागाध्यक्ष शिक्षा संकाय, सहायक प्राध्यापक हेमराज सेन, श्रीमती रश्मि दुबे तथा लेखापाल महेश पाठक द्वारा राष्ट्रीय पर्व पर सार्थक उद्बोधन दिया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती आराधना दुबे एवं आभार एन.सी.सी. अधिकारी मेजर डॉ. पराग नेमा द्वारा किया गया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि पं. तिवारी ने ध्वजारोहण करते हुए एन.सी.सी. दल की सलामी ली। 77 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर मुख्य अतिथि एवं संस्था परिवार ने अपनी विनम्र पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक सुश्री मानसी जैन तथा सुश्री दीक्षा केवट द्वारा समुधुर गायन एवं छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। महाविद्यालय में संचालित एन.सी.सी. कम्पनी के सीनियर विंग - छात्रा दल को अण्डर ऑफिसर जिया जोशी के नेतृत्व में जिला गणतंत्र दिवस समारोह परेड में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस अवसर पर उपप्राचार्य डॉ. एस.एन.राव, श्रीमती अनीता रघुवंशी, जी.डी. उमरे, आई. टी. ऑफिसर प्रसून नेमा, लेफ्टि. जितेन्द्र मिश्रा, प्रभारी एन.एस.एस. अधिकारी सी.पी. गुप्ता, एवं समस्त स्टॉफ मेम्बर्स एवं छात्र-छात्राओं की विशेष उपस्थिति रहीं।

# मां नर्मदा प्रकटोत्सव पर आतिशबाजी से आसमान और दीपों से मां नर्मदा का आंचल रोशन



**गोटेगांव।** तीर्थ नगरी मुआर घाट मां नर्मदा प्रकटोत्सव पर मुआर घाट मां नर्मदा में नर्मदा जयंती पर रविवार को पचासों हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान कर मां नर्मदा का पूजन अर्चन किया नर्मदे हर के जय कारों से घाट गूंज उठे श्रद्धालुओं ने जीवनदायनी मा नर्मदा में आस्था की डुबकी लगाई सुबह से ही मोहन रंभा को एक छोर से दूसरे छोर तक चुनरी अर्पित की मां रेवा महाआरती समिति द्वारा घाट पर विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की प्रसाद के रूप में बालूशाही जैन कैटर्स मोनू बर्डिया के द्वारा वितरण किया गया आयोजकों का संकल्प था कि इस पावन धारा से कोई भी श्रद्धालु भूका का ना जाए सुबह से रात्रि तक भंडारा चलता रहा मां नर्मदा मुआर घाट को रगबिरंगी रोशनी से रोशन किया गया मा नर्मदा की महाआरती की गई जहां जल दूध दही और शहद से अभिषेक किया फिर ढोल ताशों और लांघ यंत्रों से आरती की गई श्रद्धालुओं ने आस्था और मन्नत से दीप जलाकर अर्पित किए दीपों की लौ में मां नर्मदा के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था व विश्वास झलका तट पर विभिन्न प्रकार की रंगोली सजाई गई मुआर पंचायत के सरपंच कृष्ण कुमार राजपूत सरदार सिंह राजपूत रामकिशोर दीक्षित मोनू बर्डिया ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया ।,

## धूमधाम से मनाई गई गणतंत्र की 77 वीं वर्षगांठ




**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस गणतंत्र दिवस की 77 वीं वर्षगांठ परम्परागत हर्षोल्लास वातावरण में मनाई गई।सुबह से ही स्कूली छात्रों द्वारा गगनभेदी नारों के साथ प्रभात फेरियां निकालीं। जगह-जगह ध्वजारोहण किये गये। स्कूलों में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिन्हें स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षकों ने सम्मानित किया प्रशस्ति-पत्र प्रदान किये। बच्चों को मिष्ठान वितरण किया गया। तेंदूखेड़ा नगर के वरिष्ठ स्वतंत्रता सेनानी स्व रामचंद्र राय के स्मारक पर अनुविभागीय अधिकारी ने ध्वजारोहण किया तथा सच्चे दादा चौक पर माल्यार्पण किया गया।नगर परिषद का ध्वजारोहण अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने किया। तथा स्कूलों आंगनवाड़ी केन्द्रों संस्थाओं में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने ध्वजारोहण किया।इस मौके पर एन सी सी, एन एस एस और स्काउट्स के छात्रों द्वारा जोरदार परेड का प्रदर्शन किया। सर्वोदय विद्यालय एवं महाविद्यालय में प्रबंधक और प्राचार्यो द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी सरपंचों द्वारा ग्राम पंचायतों और स्कूलों में प्रधानपाठकों द्वारा ध्वजारोहण किये जाने की जानकारी मिली है।

## इमझिरा से बारहा घाट तक निकाली गई 1100 मीटर की चुनरी यात्रा



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिनों नर्मदा जयंती के अवसर पर इमझिरा के खेरापति मंदिर से पूजन कर श्रद्धालुओं ने 1100 सौ मीटर की चुनरी पैदल पदयात्रा कर पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तट बारह घाट पर पूजन अर्चन अभिषेक के साथ अर्पण की। श्रद्धालुओं ने लगभग 20 किलोमीटर की पद यात्रा करते हुए हर्षोल्लास भक्ति भाव के साथ चुनरी चढ़ाई। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार श्री रेवा सेवा समिति के द्वारा विगत छः वर्ष पूर्व से यह चुनरी चढ़ाने की शुरुआत की गई थी।इस मौके पर ग्राम के वरिष्ठ दीवान लेखराज सिंह दीवान अर्जुन सिंह कृष्णपाल सिंह द्वारा एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। चुनरी यात्रा में विद्वान पंडित रूपराम पुरोहित भागवत कन्हौआ सतीश पुरोहित देवीदयाल तिवारी भोलेशंकर कन्हौआ देवेंद्र पंडा विजय पुरोहित रामचरण पंडा कुलदीप मिथिलेश प्रियंक सुनील रूसिया आदि का विशेष सहयोग रहा।

### ग्राम ईश्वरपुर से भी निकाली गई चुनरी यात्रा

नर्मदा जयंती के अवसर पर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला वहीं समीपी ग्राम ईश्वरपुर के सरपंच चंद्रभूषण पटेल के नेतृत्व में 511 मीटर की चुनरी मां नर्मदा को अर्पित की गई।श्री राम जानकी मंदिर से चुनरी यात्रा ग्राम में भ्रमण करते हुए बारहघाट पर जाकर चुनरी चढ़ाई गई। सभी श्रद्धालुओं के भोजन पानी की व्यवस्था ग्राम के प्रतिष्ठित सेवा भावी जगदीश पटेल भरत पटेल मनमोहन पटेल रंजीत सोनी श्रीराम पटेल द्वारा की गई जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित किया।






































